**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 438**
**दिनांक 02 दिसंबर, 2025 / 11 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए**

**साइबर अपराध के मामलों में वृद्धि**

**†438. श्री यूसुफ पठानः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार को देश भर में साइबर अपराध, खासकर वित्तीय और पहचान से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों में हो रही तेज़ वृद्धि के बारे में जानकारी है;**

**(ख) यदि हाँ, तो 2014 से अब तक रिपोर्ट किए गए ऐसे मामलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार वर्ष-वार संख्या कितनी है;**

**(ग) वर्ष 2014 से साइबर अपराध में कितना (रुपये में) नुकसान हुआ और अब तक वर्ष-वार कितनी रकम वापस मिली है; और**

**(घ) सरकार ने साइबर अपराध जागरूकता अभियान पर वर्ष 2014 से वर्ष-वार कितनी राशि (रुपये में) खर्च की है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री बंडी संजय कुमार)**

(क) से (घ) : राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) अपराधों से संबंधित सांख्यिकीय आंकड़ों को अपने प्रकाशन 'क्राइम-इन-इंडिया' में संकलित और प्रकाशित करता है। नवीनतम प्रकाशित रिपोर्ट वर्ष 2023 की है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014 से 2023 के दौरान साइबर अपराधों (माध्यम /लक्ष्य के रूप में संचार उपकरणों समेत) के तहत दर्ज किए गए मामलों का अपराध शीर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा अनुलग्नक-I एवं II में दिया गया है।

भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' राज्य के विषय हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपनी विधि प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के माध्यम से साइबर अपराध समेत अपराधों की रोकथाम करने, उनका पता लगाने, जाँच करने और अभियोजन चलाने के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार हैं। केंद्र सरकार, राज्यों / संघ राज्य-क्षेत्रों की विधि प्रवर्तन एजेंसियों के क्षमता संवर्धन

के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों में एडवाइजरी और विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत वित्तीय सहायता के माध्यम से सहायता प्रदान करती है।

केंद्र सरकार ने साइबर अपराधों से व्यापक और समन्वित ढंग से निपटने हेतु तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए उपाय किए हैं, जिनमें साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता फैलाना, चेतावनी/ एडवाइजरी जारी करना, विधि प्रवर्तन कार्मिकों/ अभियोजकों/ न्यायिक अधिकारियों का क्षमता निर्माण/ प्रशिक्षण, साइबर फॉरेंसिक सुविधाओं को बेहतर बनाना आदि शामिल हैं। सरकार ने देश में सभी प्रकार के साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक ढंग से निपटने के लिए वर्ष 2018 में योजना के रूप में 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) और वर्ष 2024 में गृह मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय के रूप में स्थापित किया है।

महिलाओं और बच्चों के प्रति साइबर अपराधों पर विशेष बल देते हुए, सभी प्रकार के साइबर अपराधों से संबंधित घटनाओं की सूचना देने में जनता को समर्थ बनाने हेतु आई4सी के भाग के रूप में 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी)' (https://cybercrime.gov.in) शुरू किया गया है। इस पोर्टल पर सूचित की गई साइबर अपराध की घटनाओं, उन्हें एफआईआर में बदलने और उन पर आगे कार्रवाई से जुड़े कार्य राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की संबंधित विधि प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा कानून के प्रावधानों के अनुसार किए जाते हैं।

वित्तीय धोखाधड़ियों की तत्काल सूचना देने और धोखाधड़ी करने वालों के द्वारा निधियों की चोरी को रोकने के लिए वर्ष 2021 में आई4सी के तहत 'नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली' शुरू की गई है। अब तक 23.02 लाख से अधिक शिकायतों में 7,130 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को बचाया गया है। साइबर शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करने में सहायता प्राप्त करने के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नम्बर '1930' शुरू किया गया है।

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय/विभाग जैसे गृह मंत्रालय (एमएचए), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, आदि तथा राज्य सरकारें समय-समय पर साइबर अपराध के बारे में जागरूकता अभियान चलते हैं। चूंकि साइबर अपराधों सहित वित्तीय और अन्य अपराधों से निपटने का प्रयास विभिन्न एजेंसियों सहित संपूर्ण सरकार का एक प्रयास है इसलिए आँकड़े (डेटा) केंद्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

***

**अनुलग्नक-I**

लोक सभा अता.प्र.सं. 438 दिनांक 02.12.2025

वर्ष 2014-2023 के दौरान साइबर अपराधों के तहत अपराध शीर्ष-वार दर्ज किए गए मामले

| क्र.सं. | अपराध शीर्ष | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कंप्यूटर स्रोत दस्तावेजों से छेड़छाड़ करना | 89 | 88 | 78 | 233 | 257 | 173 | 338 | 55 | 65 | 71 |
| 2 | कंप्यूटर से संबंधित अपराध | 5548 | 6567 | 6818 | 10108 | 14141 | 23734 | 21926 | 19915 | 23894 | 35329 |
| 3 | साइबर आतंकवाद | 5 | 13 | 12 | 13 | 21 | 12 | 26 | 15 | 12 | 11 |
| 4 | इलेक्ट्रॉनिक रूप में अश्लील/यौन रूप से स्पष्ट कृत्य का प्रकाशन/प्रसारण | 758 | 816 | 957 | 1768 | 3076 | 4203 | 6308 | 6598 | 6896 | 7893 |
| 5 | सूचना का अवरोधन या निगरानी या डिक्रिप्शन | 2 | 0 | 0 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 1 |
| 6 | सुरक्षित कंप्यूटर सिस्टम तक अनधिकृत पहुँच/पहुंचने का प्रयास | 0 | 8 | 0 | 2 | 0 | 2 | 2 | 3 | 1 | 1 |
| 7 | अपराध करने के लिए उकसाना | | | | 0 | 1 | 0 | 1 | 7 | 4 | 0 |
| 8 | अपराध करने का प्रयास | | | | 4 | 13 | 14 | 18 | 5 | 18 | 11 |
| 9 | आईटी अधिनियम की अन्य धाराएं | 799 | 553 | 748 | 1503 | 980 | 2699 | 1017 | 827 | 1017 | 920 |
| **क** | **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कुल अपराध** | 7201 | 8045 | 8613 | 13635 | 18495 | 30846 | 29643 | 27427 | 31908 | 44237 |
| 10 | आत्महत्या के लिए उकसाना (ऑनलाइन) | | | | 0 | 7 | 7 | 10 | 10 | 24 | 30 |
| 11 | साइबर स्टॉकिंग / महिलाओं / बच्चों की बुलिंग | | | | 542 | 739 | 771 | 872 | 1176 | 1471 | 1305 |
| 12 | डेटा चोरी | 55 | 84 | 86 | 307 | 106 | 282 | 98 | 170 | 97 | 113 |
| 13 | धोखाधड़ी | | | | 3466 | 3353 | 6229 | 10395 | 14007 | 17470 | 19466 |
| 14 | बेईमानी करना | 1115 | 2255 | 2329 | 1896 | 2051 | 3367 | 4480 | 6343 | 10509 | 16943 |
| 15 | जालसाजी | 63 | 45 | 81 | 99 | 260 | 511 | 582 | 198 | 224 | 444 |
| 16 | डिफेमेशन/मॉर्फिंग | | | | 12 | 18 | 19 | 51 | 31 | 61 | 36 |
| 17 | नकली प्रोफाइल | | | | 86 | 78 | 85 | 149 | 123 | 157 | 225 |
| 18 | कॉउंटरफीटिंग | 10 | 12 | 10 | 1 | 2 | 5 | 9 | 2 | 2 | 0 |
| 19 | साइबर ब्लैकमेलिंग/थ्रेटनिंग | | | | 311 | 223 | 362 | 303 | 689 | 696 | 689 |
| 20 | सोशल मीडिया पर फर्जी समाचार | | | | 170 | 97 | 188 | 578 | 179 | 230 | 209 |
| 21 | अन्य अपराध | 1029 | 1026 | 1012 | 1086 | 1713 | 1974 | 2674 | 2456 | 2857 | 2389 |
| **ख** | **भारतीय दंड संहिता के तहत कुल अपराध** | 2272 | 3422 | 3518 | 7976 | 8647 | 13800 | 20201 | 25384 | 33798 | 41849 |
| 22 | जुआ अधिनियम (ऑनलाइन जुआ) | | | | 45 | 20 | 22 | 63 | 27 | 37 | 87 |
| 23 | लॉटरी अधिनियम (ऑनलाइन लॉटरी) | | | | 11 | 2 | 9 | 26 | 4 | 6 | 0 |
| 24 | कॉपी राइट एक्ट | 118 | 113 | 181 | 89 | 62 | 34 | 49 | 32 | 27 | 23 |
| 25 | ट्रेड मार्क एक्ट | 1 | 0 | 2 | 11 | 0 | 1 | 5 | 1 | 14 | 1 |
| 26 | अन्य एसएलएल अपराध | 30 | 12 | 3 | 29 | 22 | 23 | 48 | 99 | 103 | 223 |
| **ग** | **एसएलएल के तहत कुल अपराध** | 149 | 125 | 186 | 185 | 106 | 89 | 191 | 163 | 187 | 334 |
| | कुल साइबर अपराध | **9622** | **11592** | **12317** | **21796** | **27248** | **44735** | **50035** | **52974** | **65893** | **86420** |

स्रोत: एनसीआरबी द्वारा प्रकाशित 'क्राइम इन इंडिया'।

**अनुलग्नक-II**

लोक सभा अता.प्र.सं. 438 दिनांक 02.12.2025

**वर्ष 2014-2023 के दौरान साइबर अपराधों के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार दर्ज किए गए मामले**

| क्र.स. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 282 | 536 | 616 | 931 | 1207 | 1886 | 1899 | 1875 | 2341 | 2341 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 18 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 30 | 47 | 14 | 24 |
| 3 | असम | 379 | 483 | 696 | 1120 | 2022 | 2231 | 3530 | 4846 | 1733 | 909 |
| 4 | बिहार | 114 | 242 | 309 | 433 | 374 | 1050 | 1512 | 1413 | 1621 | 4450 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 123 | 103 | 90 | 171 | 139 | 175 | 297 | 352 | 439 | 473 |
| 6 | गोवा | 62 | 17 | 31 | 13 | 29 | 15 | 40 | 36 | 90 | 86 |
| 7 | गुजरात | 227 | 242 | 362 | 458 | 702 | 784 | 1283 | 1536 | 1417 | 1995 |
| 8 | हरियाणा | 151 | 224 | 401 | 504 | 418 | 564 | 656 | 622 | 681 | 751 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 38 | 50 | 31 | 56 | 69 | 76 | 98 | 70 | 77 | 127 |
| 10 | झारखंड | 93 | 180 | 259 | 720 | 930 | 1095 | 1204 | 953 | 967 | 1079 |
| 11 | कर्नाटक | 1020 | 1447 | 1101 | 3174 | 5839 | 12020 | 10741 | 8136 | 12556 | 21889 |
| 12 | केरल | 450 | 290 | 283 | 320 | 340 | 307 | 426 | 626 | 773 | 3295 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 289 | 231 | 258 | 490 | 740 | 602 | 699 | 589 | 826 | 685 |
| 14 | महाराष्ट्र | 1879 | 2195 | 2380 | 3604 | 3511 | 4967 | 5496 | 5562 | 8249 | 8103 |
| 15 | मणिपुर | 13 | 6 | 11 | 74 | 29 | 4 | 79 | 67 | 18 | 3 |
| 16 | मेघालय | 60 | 56 | 39 | 39 | 74 | 89 | 142 | 107 | 75 | 64 |
| 17 | मिजोरम | 22 | 8 | 1 | 10 | 6 | 8 | 13 | 30 | 1 | 31 |
| 18 | नागालैंड | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 | 2 | 8 | 8 | 4 | 2 |
| 19 | ओडिशा | 124 | 386 | 317 | 824 | 843 | 1485 | 1931 | 2037 | 1983 | 2348 |
| 20 | पंजाब | 226 | 149 | 102 | 176 | 239 | 243 | 378 | 551 | 697 | 511 |
| 21 | राजस्थान | 697 | 949 | 941 | 1304 | 1104 | 1762 | 1354 | 1504 | 1833 | 2435 |
| 22 | सिक्किम | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 26 | 12 |
| 23 | तमिलनाडु | 172 | 142 | 144 | 228 | 295 | 385 | 782 | 1076 | 2082 | 4121 |
| 24 | तेलंगाना | 703 | 687 | 593 | 1209 | 1205 | 2691 | 5024 | 10303 | 15297 | 18236 |
| 25 | त्रिपुरा | 5 | 13 | 8 | 7 | 20 | 20 | 34 | 24 | 30 | 36 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 1737 | 2208 | 2639 | 4971 | 6280 | 11416 | 11097 | 8829 | 10117 | 10794 |
| 27 | उत्तराखण्ड | 42 | 48 | 62 | 124 | 171 | 100 | 243 | 718 | 559 | 494 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 355 | 398 | 478 | 568 | 335 | 524 | 712 | 513 | 401 | 309 |
| | **कुल राज्य** | **9285** | **11297** | **12159** | **21530** | **26931** | **44511** | **49708** | **52430** | **64907** | **85603** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 13 | 6 | 3 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 28 | 47 |
| 30 | चंडीगढ़ | 55 | 77 | 26 | 32 | 30 | 23 | 17 | 15 | 27 | 23 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 4 | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 | 3 | 5 | 5 | 6 |
| 32 | दिल्ली | 226 | 177 | 98 | 162 | 189 | 115 | 168 | 356 | 685 | 407 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 37 | 34 | 28 | 63 | 73 | 73 | 120 | 154 | 173 | 185 |
| 34 | लद्दाख | | | | | | | 1 | 5 | 3 | 1 |
| 35 | लक्षद्वीप | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 | 4 | 3 | 1 | 1 | 1 |
| 36 | पुदुचेरी | 1 | 0 | 2 | 5 | 14 | 4 | 10 | 0 | 64 | 147 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **337** | **295** | **158** | **266** | **317** | **224** | **327** | **544** | **986** | **817** |
| | **कुल (अखिल भारत)** | **9622** | **11592** | **12317** | **21796** | **27248** | **44735** | **50035** | **52974** | **65893** | **86420** |

स्रोत: एनसीआरबी द्वारा प्रकाशित 'क्राइम इन इंडिया'।